हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 25 दिसंबर 2024


तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री


11 मुरारी मिश्रा की पद यात्रा का समापन





12 श्रीराम कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा, सजा विशाल पंडाल






## उपस्वास्थ्य केंद्र का नहीं बना भवन, इलाज कराने क्षेत्रवासियों को जाना पड़ रहा पलारी

### मरीजों को रात्रि में लाने ले जाने गाड़ी नहीं मिली तो अनहोनी का डर बना रहता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भवानीपुर

विकासखंड पलारी अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र भवानीपुर भवन निर्माण नहीं होने से क्षेत्र की जनता को परेशानी का समना करना पड़ रहा है। उप स्वास्थ्य केंद्र में 5 गांव आते हैं, भवानीपुर, खपरी, तमोरी, रीवाडीह, जुवानी जिसमें 16 मितानिन, 3 उप स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी कार्यरत है। वर्तमान में 3 साल से सामुदायिक भवन भवानीपुर में कार्य संचालित किया जा रहा है। इस भवन में यह व्यवस्था नहीं है, कि क्षेत्र के लोग जाकर इलाज कर सके, वहां पर जगह के अभाव के कारण गर्भवती माताएं का इलाज एवं प्रसव सुचारू ढंग से हो सके इसके लिए 15 किलोमीटर दूर स्वास्थ्य केंद पलारी में जाकर इलाज करना पड़ता है, जिसमें कई तरीका से परेशानी का सामना पड़ता है। समय में यह भी स्थिति निमित्त हो जाती है कि रात्रि में लाने लजाने में गाड़ी नहीं मिलने से कोई अनहोनी ना हो इसका डर बना रहता है। मितानिनों को भी बहुत परेशानी का सामना पढ़ रहा है। उप स्वास्थ्य केंद्र पलारी अधिक दूरी होने से बहुत समय लग जाता है, जिसके चलते घर गृहस्ती का कार्य नहीं हो पता और मासिक मीटिंग के लिए मितानिनों के घर पर ही में संपन्न किया जाता है। शसान द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए राशि स्वीकृत की गई है, परंतु विगत साल भर नींव काम निकाल कर बंद पड़ा


▶▶ शेष पेज 11 पर




#### जल्द किया जाए भवन निर्माण

इस संदर्भ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी पलारी डॉ. बीएस ध्रुव से पूछा गया तो उन्होंने कहा की जिला में इस संदर्भ में बताया गया है कि वहां की भवन निर्माण जल्दी से जल्दी किया जाएं, ताकि कोई परेशानी न हो।

## खबर संक्षेप

### खपरी में बाबा गुरु घासीदास जयंती आज

**भवानीपुर।** ग्राम खपरी भ में आज गुरु घासीदास जयंती का आयोजन रखा गया है। इसमें सर्व समाज को कहा गया है कि बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर सुबह अपने घर एवं चौक चौरा पर साफ सफाई कर रंगोली सजाकर दीपक जलाकर रखें। सुबह प्रभात फेरी होगी, जिसमें बाबा का भजन कीर्तन करते हुए गांव के गली–गली घूमेंगे, जिसका अभिवादन करें। दोपहर में जैतखाम में झंडा चढ़ाया जाएगा। विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण की जाएगी। तत्पश्चात पंथी गीत का भी आयोजन होगा। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम संदीप लहरे का होगा।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** अपनी पत्नी के साथ आ रहे एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर दी। तुमगांव पुलिस ने बताया कि रूपेश पारधी निवासी कौंवाझर 23 दिसंबर को करीब 11 बजे घर से अपनी पत्नी दुर्गा पारधी के साथ पैदल आ रहा था, उसी समय खेलू साहनी और उमेश साहनी ने पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर गाली देते हुए हाथ थप्पड़ एवं डंडा से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### पुष्पवाटिका में काम करने वाले से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली के पुष्पवाटिका में काम करने वाले व्यक्ति से कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। सरायपाली के वार्ड नं 01 वीरेंद्र नगर निवासी जोहित राम यादव ने पुलिस को बताया कि वह पुष्पवाटिका में पानी भरने का काम करता है, जहां 16 दिसंबर को शाम 6 बजे पुष्पवाटिका में कुछ लड़के, लड़कियां एवं अन्य लोग आए थे। जोहित राम ने बताया कि वहां टिकेश्वर एवं आजाद मानिकपुरी एवं अन्य लड़के लड़कियों के हाथ में पकड़ कर घूम रहे थे, जिसे उसने ऐसा क्यों कर रहे हो यहां परिवार वाले आए हैं कहा तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए हाथ-मुक्का लात से मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों के विरुद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### त्रिस्तरीय निर्वाचन के लिए आरक्षण कार्यक्रम

**महासमुंद।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन वर्ष 2024-25 के लिए आरक्षण की प्रक्रिया के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। जिले में जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पदों के लिए प्रवर्गवार आरक्षण की प्रक्रिया 28 दिसंबर से 29 दिसंबर तक पूरी की जाएगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि आरक्षण प्रक्रिया की सूचना का प्रकाशन 23 दिसंबर को कर दिया गया है। आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 29 दिसंबर को इसकी जानकारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को भेजी जाएगी।

### बजरंग दल ने बचाई गौमाता की जान


**पटेवा।** पटेवा से लगे ग्राम सिनोधा के एक कुएं में विगत 3 दिन से गिरी गौमाता को बजरंग दल द्वारा सुरक्षित निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार गौमाता सूखे कुएं में शुक्रवार को गिर गई है। जानकारी मिलते ही बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष लीलाधर नायक के नेतृत्व में पटेवा महासमुंद झलप के बजरंगी अपने टीम के साथ पहुंचकर तथा ग्राम के युवकों के साथ मिलकर 2 घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया गौमाता सहमी हुई थी। जिसके कारण बजरंगियों के कुएं में उतरते ही हमला करने लगी।

### आक्रोश : केंद्रीय गृहमंत्री शाह के संसद में दिये बयान का जमकर किया विरोध

## कांग्रेस ने निकाला डॉ.भीमराव अम्बेडकर सम्मान मार्च, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला कांग्रेस कमेटी ने अम्बेडकर सम्मान मार्च निकाला। यात्रा दशहरा मैदान से प्रारंभ कर हाथ में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का छाया चित्र व तख्ती लेकर नारे बाजी करते हुए अम्बेडकर चौक में भीम राव अम्बेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेसजनों ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ. भीमराव बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करने के लिए संसद का इस्तेमाल एक मंच के रूप में किया है। हमारे संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर विशेष चर्चा के दौरान विपक्ष पर हमला करने के अपने उत्साह में, अमित शाह ने डॉ. भीमराव बाबासाहेब अंबेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी की है। टिप्पणी बेहद अरुचिकर है और हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के सबसे बड़े नेताओं में से एक का अपमान करती है।उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेंद्र शर्मा, विद्याभूषण शुक्ला, जनक राम वर्मा, जुगल भट्टर, कैलाश सोनी, विक्रम गिरी, रूपेश ठाकुर, गोपी साहू, भुनेश्वर वर्मा, अमर मंडावी, युधिष्ठिर नायक, विक्रम पटेल, प्रभाकर मिश्रा, संतोष तिवारी, सुरेंद्र जायसवाल, त्रिलोक सलूजा, प्रमेंद्र तिवारी, कालिंद्री वर्मा, पदमेश्वरी साहू, रोहित साहू, मनीष चंद्राकर, मनोज प्रजापति, हेमचंद केशवानी, डीगेश्वरी, रवींद्र नामदेव, गौतम ठेठवार, मनोज तिवारी, देवा टंडन, लखेश साहू, धर्मेंद्र वर्मा, चितेश्वर साहू, दीपक साहू, देवेंद्र बंजारे, लक्ष्मी गुप्ता, सुदेश साहू, अभिषेक पटेल, सलमान शेख, शुभम वर्मा, जय ठाकुर, टोनी कुर्रे, शेरखान जान मोहम्मद पिंटू वर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।



#### लाखों भारतीयों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया

डॉ. भीमराव बाबासाहेब अंबेडकर जैसे दिग्गज पर हमला करने वाली ये टिप्पणियां देश की समन्वयवादी नींव को नुकसान पहुंचाने के अलावा और कुछ नहीं हैं। हर गुजरते दिन के साथ, अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणियों को बड़े पैमाने पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया मिल रही है। वास्तव में हमारे संविधान के निर्माता के प्रति अनादर की गूंज भारतीय जनता पार्टी और हमारे जिले सहित देश में इसके कार्यकर्ताओं द्वारा की गई है और इसका बचाव किया गया है। सत्तारूढ़ शासन और उसके नेताओं को इस तरह से आचरण करने की अनुमति नहीं दी जा सकती जो केवल उनकी विचारधारा के अनुकूल हो। डॉ. अंबेडकर के कद और भारत के नागरिकों से उन्हें मिलने वाले सम्मान को देखते हुए यह स्पष्ट है कि अमित शाह की टिप्पणी ने लाखों भारतीयों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। राष्ट्रपति से मांग करते हैं कि अमित शाह को हमारे देश के केंद्रीय गृह मंत्री के पद से तुरंत बर्खास्त करें और उन्हें डॉ. भीमराव बाबासाहेब अंबेडकर के खिलाफ उनकी टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का निर्देश दें।

### प्रशिक्षण में अनुपस्थित सेक्टर ऑफिसर

## 180 मतदानकर्मियों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

नगर पालिका एवं त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन–2024–25 के लिए आयोजित प्रथम चरण के प्रशिक्षण में बगैर कोई सूचना के अनुपस्थित सेक्टर अधिकारी सहित 180 मतदानकर्मियों को जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार अनुपस्थित कुल 15 सेक्टर अधिकारी तथा 165 मतदानकर्मी हैं। मतदानकर्मियों में नगरीय निकाय अंतर्गत 23 तथा जनपद पंचायत अंतर्गत 142 कर्मचारी जिसमें नगर पंचायत कसडोल–3, पलारी–2, रोहांसी–3, लवन–3 एवं नगर पालिका परिषद भाटापारा–12 तथा जनपद पंचायत कसडोल–41, पलारी–01, बलौदाबाजार–59 भाटापारा–28 एवं सिमगा–13 कर्मचारी शामिल हैं। नोटिस में कहा गया है कि 20 दिसंबर को सेक्टर अधिकारी एवं 22 दिसम्बर को मतदानकर्मियों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था, जिसकी सूचना पत्र के माध्यम से दी गई थी। सूचना के उपरांत भी प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं होना पदेन कर्तव्यों के प्रति घोर अनियमितता बरती गई है। 3 दिवस के भीतर नोटिस का जवाब मांगा गया है। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर निर्वाचन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## जेल परिसर में बंदियों को कराया जा रहा योगाभ्यास



**बलौदाबाजार।** जेल परिसर में देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज हरिद्वार के बहनों द्वारा सामाजिक परिवीक्षा के तहत बंदियों को तीन दिवसीय योग शिविर के माध्यम से स्वस्थ जीवन के सूत्र दिये जा रहे हैं। विश्वविद्यालय की छात्र स्मृति, आयुशी ताजने, अपर्णा अमृत द्वारा प्रथम दिवस मंगलवार को प्रातःकाल योगाभ्यास कराया गया। इसमें सूक्ष्म व्यायाम पवन मुक्तासन, हलासन, चक्रासन, तीतली आसन, सूर्य नमस्कार, प्रज्ञा योग, प्राणायाम के माध्यम से उसके फायदे बताते हुए सभी आसनों का योगाभ्यास कराया


▶▶ शेष पेज 11 पर


## छेड़छाड़ के आरोप में दो युवक गिरफ्तार, कराया जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़/गिधौरी

महिलाओं और बच्चों पर घटित अपराधों में शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी करने जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा द्वारा सभी थाना चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे, एसडीओपी विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रमोद यादव के नेतृत्व में महिला से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थीया ने थाना में लिखित आवेदन में बताया है कि 22 दिसंबर की शाम अपने बाड़ी पास से अपना छोटा बेटा के साथ पैदल ग्राम रानीगढ़ साप्ताहिक बाजार जा रही थी, तभी दुमदुमहीया पास रोड में उदय भैना और उसका साथी भूपेंद्र भैना



दोनों निवासी रानीगढ़ छुइहा अकेले देखकर, तुम हम लोगों को चार दिन पहले अपने बाड़ी के पास डांट रही थी, बहुत पावर दिखा रही थीं, कहकर गाली गलौज करते बुरी नीयत से प्राथीया के कलाई को पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर हाथ थप्पड़ से मारपीट कर चोट आई पहुंचाये है। आवेदिका के लिखित आवेदन पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 74, 296, 115(2), 3(5) 6 पंजीबद्ध कर विवेचना


▶▶ शेष पेज 11 पर


### एंबुलेंस व इनोवा में भिड़ंत, एक की मौत

**भाटापारा।** बलौदाबाजार मार्ग पर एंबुलेंस व इनोवा की टक्कर हो गई, जिसमें एंबुलेंस सवार एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी अनुसार आदर्श एंबुलेंस बलौदाबजार से भाटापारा की ओर आ रही थी, वहीं इनोवा भाटापारा की तरफ से बलौदाबाजार की तरफ जा रही थी, जहां रवान मोड़ के पास दोनों गाड़ी आमने सामने टकरा गई, जिससे एंबुलेंस में सवार एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

दुर्घटना इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में मृत व्यक्ति भाटापारा का निवासी था।

## मूरा में हैंडपंप और नलकूपों से निकल रहा पीला पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बंगोली

■ ग्रामीणों में मचा हड़कंप

ग्राम मूरा के पत्थर खदान क्रेशर सहित क्षेत्र के सभी हैंडपंपों, नलकूपों से पीला पानी निकलने से लोगों में हड़कंप मचा है। मोहरदास कोसले ने बताया कि ग्राम पिकरीडीह स्थित मोजा मशरुम कंपनी ने मूरा में पत्थर खदान खरीदा है, जो कि लगभग दो सौ फीट गहरा व दो सौ मीटर चौड़ा है। मौजा मशरुम से निकलने वाला सड़ा पैरा, भूसा, अपशिष्ट पदार्थ को ट्रैक्टर से भरकर प्रतिदिन यहां लाकर डाला जा रहा है, जहां अब तक हजारों ट्रैक्टर बदबूदार अपशिष्ट पदार्थ डाला जा चुका है।

#### भूख हड़ताल और चक्काजाम की ग्रामीणों ने दी चेतावनी

यह अपशिष्ट पदार्थ के दुगंर्ध व पीला पानी के निकलने से क्षेत्र के हैण्डपंप, बोर से गंदा पानी आ रहा है। समय रहते प्रशासन व पीएचई जल विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की तो ग्राम पंचायत मूरा, धनसूली के लोगों द्वारा आंदोलन, चक्काजाम व भूख हड़ताल करने बाध्य होंगे, जिसका जवाबदेही प्रशासन की होगी। साथ ही किसी के स्वास्थ्य, जलजीवन पर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। वहीं करीब दो सौ मीटर की दूरी में शासकीय नवीन प्राथमिक शाला स्थित है, जहां तीन सौ बच्चे अध्ययनरत है।

### अधिकारियों ने ली निक्षय- निरामय छत्तीसगढ़ की शपथ

## सुशासन दिवस पर आज होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। कलेक्टर दीपक सोनी ने राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन दिवस पर 25 दिसम्बर को जिले में विविध कार्यक्रमों का गरिमामय आयोजन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव सहित त्यौहार एवं सामान्य दिवस में भी कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश सभी एसडीएम एवं तहसीलदार को दिए। उन्होंने कहा कि सभी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें और किसी प्रकार की विवाद या मामला के बढ़ने से पहले ही उसका निराकण कर लिया जाए। उन्होंने शासन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत में पंचायत प्रतिनिधियों के आरक्षण की कार्रवाई निर्धारित समय –सीमा में पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति के मालिकों को कानूनी कार्ड देने हेतु लक्ष्य के अनुसार शेष संपत्ति का सत्यापन शीघ्र कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीपीग्राम, पीजीएन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, ई –समाधान, कलेक्टर जानदर्शन अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करते हुए ऑनलाइन पोर्टल में अपडेट करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, सहकार से समृद्धि, प्रधानमंत्री विश्कर्मा योजना, पीएम जनमन योजना सहित विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यो के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।




#### युवा कल्याण विभाग की सद्भावना दौड होगी

सुशासन दिवस अंतर्गत सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सद्भावना दौड़, सफाई अभियान आदि कार्यक्रम होंगे। सद्भावना दौड़ का आयोजन प्रातः 6 बजे से गार्डन चौक बलौदाबाजार में होगा। कलेक्टर ने सभी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ को टीबी, कुष्ठ एवं मलेरिया मुक्त बनाने पूरा योगदान करने अधिकारियों–कर्मचारियों को निक्षय–निरामय छत्तीसगढ़ की शपथ दिलाई।


पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# सरकारी स्कूलों के कारनामे...भर दिए अपात्र छात्रों के परीक्षा फॉर्म, माशिम ने किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दसवीं-बारहवीं परीक्षाओं की तैयारी में जुटे माध्यमिक शिक्षा मंडल के पास एक से बढ़कर एक मामले सामने आ रहे हैं। इनमें से कई तो ऐसे हैं कि अधिकारी-कर्मचारी भी अपना सिर पकड़कर बैठ जा रहे हैं। इनमें से अधिकतर मामलों में विद्यालय स्तर पर लापरवाही बरती गई है। बड़ी संख्या में ऐसे छात्रों के आवेदन माशिम को प्राप्त हुए हैं, जो दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में बैठने के लिए पात्रता ही नहीं रखते हैं। नियमतः दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में नियमित परीक्षार्थी के रूप में शामिल होने के लिए छात्रों का लगातार उत्तीर्ण होना आवश्यक होता है। नवमी या ग्यारहवीं कक्षा दो अथवा उससे अधिक प्रयास में उत्तीर्ण करने वाले छात्र अगली कक्षा में नियमित विद्यार्थी के रूप में शामिल होने पात्र नहीं होते हैं। स्कूलों ने इन विद्यार्थियों को ना केवल नियमित छात्र के रूप में प्रवेश दिया, बल्कि उनका परीक्षा फॉर्म भी रेगुलर स्टूडेंट के रूप में भर दिया। माशिम को फॉर्म की स्क्रूटनी के दौरान अब तक ऐसे लगभग 70 मामले मिले हैं। इनमें से 90 फीसदी शासकीय विद्यालयों के हैं। माशिम ने इन सभी आवेदनों को निरस्त कर दिया है।

अलग खबर

## नवमी और दसवीं कक्षा के मध्य नहीं होना चाहिए गैप, नियमित रूप से उत्तीर्ण होना आवश्यक

### छात्रों का साल बचाने की कोशिश

अब माशिम द्वारा इन स्कूलों को खत लिखा जाएगा। उनसे बच्चों की इच्छा पूछी जाएगी। यदि विद्यार्थी प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में शामिल होने की इच्छा रखते हैं तो उनके आवेदन को नियमित छात्र के कैटेगरी से हटाकर स्वाध्यायी छात्र के कैटेगरी में डाला जाएगा। यदि विद्यार्थी इसके लिए सहमति नहीं देते हैं, तो उनके आवेदन को निरस्त माना जाएगा। स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रूप में शामिल होने की सहमति देने वाले विद्यार्थियों से फीस की अंतर राशि ली जाएगी।



लगभग 70 ऐसे मामले, जिसमें छात्रों ने कई वर्ष पहले दिलाई थी नवमी की परीक्षा

### इसलिए भी लापरवाही

*यह पहला वर्ष नहीं है जब इस तरह के मामले माशिम के सामने आए हो। बीते वर्षों में भी अपात्र छात्रों के परीक्षा फॉर्म सब्मिट किए जाने संबंधित मामले आते रहे हैं। माशिम द्वारा अथवा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए जिम्मेदार शिक्षकों अथवा स्कूल प्रबंधन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। यही वजह है कि सामान्य नियमों की भी अनदेखी हो रही है और छात्रों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि दसवीं में इस बार 3 लाख 23 हजार नियमित तथा लगभग 8 हजार प्रावइेट परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इसी तरह से बारहवीं कक्षा में 2 लाख 34 हजार नियमित और 7 हजार स्वाध्यायी परीक्षार्थी शामिल होंगे।*

## खबर संक्षेप

### पीएससी ने सिविल जज के 57 पदों पर मांगे आवेदन

**रायपुर।** छग लोक सेवा आयोग ने कनिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश के 57 पदों के लिए आवेदन मांगे हैं। इन पदों के लिए पीएससी की आधिकारिक वेबसाइट में जाकर 26 दिसंबर से आवेदन किए जा सकेंगे। अंतिम तिथि 24 जनवरी निर्धारित की गई है। विधि और विधायी कार्य विभाग के अंतर्गत ये नियुक्तियां निकाली गई हैं। आयु सीमा सहित अन्य आवश्यक अहर्ताओं की जानकारी पीएससी ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के अंकों को मिलाकर अंतिम परिणाम जारी किए जाएंगे।

### बेसिक बेकरी क्लास के प्रशिक्षार्थियों को बांटे प्रमाणपत्र



**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा बेसिक बेकरी क्लास के प्रशिक्षार्थियों के लिए प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया। प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षक रीना साहू ने इस कोर्स में बेकरी के बुनियादी सिद्धांतों से लेकर विभिन्न प्रकार के बेकरी उत्पादों को बनाने तक की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों की मेहनत और लगन की प्रशंसा की। फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने कहा कि यह फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में सनील जांडे, हेमा मनिकपुरी, अजय चौधरी, संदीप पांडा, अभिषेक पांडा, रेणुका वर्मा, प्रकाश चंद कुर्रे, प्रियंका पटेल और भुनेश्वरी साहू शामिल हुए।

### युवा संवाद कार्यक्रम 29 को

**रायपुर।** गांडा महासभा युवा विभाग द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 29 दिसंबर को युवा संवाद 2024 का कार्यक्रम रखा गया है, जिसमे समाज के युवा और समाज के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम में युवाओं के भविष्य, युवाओं के कैरियर के लिए गाइडेंस एवं समाज में किस तरह से युवाओं को शामिल कर समाज की दशा और दिशा बदलना है, इस पर गहन चर्चा की जाएगी। इसके बाद युवाओं के साथ संवाद होगा और समाज में युवाओं का योगदान, समाज के विकास के लिए, आदर्श समाज बनाने के लिए, समाज का केंद्रीकरण करने के लिए युवाओं को समाज से जोड़ने के लिए कार्य किया जाएगा। इस संबंध में युवा अध्यक्ष बंटी निहाल ने बताया कि युवा ही समाज की दशा और दिशा

## छत्तीसगढ़ में 25 लाख परिवारों की 15 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा फंसी राशि

# सहारा में छत्तीसगढ़ से 15 हजार करोड़ डूबे निवेशकों को अब तक रिफंड मिले 39 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से 10 हजार रुपए से लेकर 50 हजार रुपए तक निवेश करने वाले छोटे निवेशकों को ही रिफंड किया जा रहा है, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। इन आवेदनों पर छत्तीसगढ़ में अभी तक 30 हजार से ज्यादा निवेशकों को 39 करोड़ रुपए की राशि लौटाई गई हैं, जबकि प्रदेश में करीब 25 लाख परिवारों से 15 हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा की राशि जमा कराई थी। इस तरह निवेशकों को पोर्टल के माध्यम से राशि लौटाई तो जा रही है, लेकिन यह डूबी राशि का एक प्रतिशत भी नहीं है। प्रदेश में रिफंड की गई राशि में सबसे ज्यादा करीब 7 करोड़ रुपए दुर्ग जिले के निवेशकों को दी गई है। इसके अलावा बिलासपुर, गरियाबंद, रायपुर, मुंगेली, भाटापारा-बलौदाबाजार, रायगढ़, महासमुंद, धमतरी, जांजगीर-चांपा, अंबिकापुर, राजनांदगांव, कवर्धा सहित अन्य कई जिलों में भी 50 लाख रुपए से लेकर 5 करोड़ रुपए तक राशि वापस लौटाई गई है।

### दो लाख से ज्यादा आवेदन

सहारा इंडिया के एजेंटों के अनुसार, प्रदेशभर से दो लाख से ज्यादा लोगों ने 10 से 50 हजार रुपए रिफंड पाने के लिए आवेदन किए हैं, जिनमें से 30 से 35 हजार के करीब निवेशकों को रिफंड की राशि मिली है।

### 10 हजार से 50 हजार तक लौटाई जा रही राशि




### सभी जिले में सहारा के दफ्तर नहीं इसलिए आवेदन करने में कठिनाई

सहारा इंडिया के सभी जिलों में दफ्तर अब तक खुल नहीं पाए हैं, जिसके कारण इसमें डूबी राशि को वापस पाने के लिए निवेशकों को भी ऑनलाइन आवेदन करने में कई तरह की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। पोर्टल के नियम के तहत जिन निवेशकों के पैसे डूबे हैं, उन्हें जमा की राशि के दस्तावेजों के साथ सहारा इंडिया कार्यालय का सील-हस्ताक्षर भी कराना अनिवार्य किया है। प्रदेशभर में पहले सहारा इंडिया के 132 कार्यालय खोले गए थे। इस तरह प्रत्येक जिले में दो या उससे अधिक कार्यालय खुले हुए थे, लेकिन बंद होने के बाद अब प्रमुख जिलों में ही कार्यालय खुले हुए हैं। इसके कारण जिन जिलों में कार्यालय नहीं खुले हैं, वहां के निवेशकों को ऑनलाइन आवेदन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### सहारा ने सीआरसीएस को दिया अपूर्ण डाटा, इसलिए मिल नहीं पा रहा रिफंड

सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से आवेदन तो लिए जा रहे हैं, लेकिन आवेदकों के दस्तावेजों में कमियां बताकर उन्हें रिजेक्ट किया जा रहा है। सहारा पीड़ित जमाकर्ता-कार्यकर्ता कल्याण संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि सहारा सोसाइटियों के प्रबंधन द्वारा सीआरसीएस को सत्यापन कर जो डेटा दिया है, वह अपूर्ण है। प्रबंधन ने डेटा को बदल दिया गया है, जिसके कारण आवेदन करने के बाद भी कई निवेशकों को उनके जमा पैसे मिल नहीं पा रहे हैं।

### दुर्ग के निवेशकों को सबसे ज्यादा रिफंड

प्रदेश में सबसे ज्यादा दुर्ग जिले के निवेशकों को 7 करोड़ रुपए के करीब रिफंड मिला है। इस प्रकार दूसरे नंबर पर बिलासपुर, गरियाबंद व रायपुर जिले में भी 5 से 4 करोड़ रुपए रिफंड किए गए हैं। इसके अलावा मुंगेली, धमतरी, रायगढ़, महासमुंद, भाटापारा-बलौदाबाजार, राजनांदगांव, अंबिकापुर सहित अन्य जिलों में भी 50 लाख से लेकर 2 करोड़ रुपए तक राशि बांटी गई है।

### देशभर से 13 करोड़ निवेशकों के डूबे पैसे

देशभर से 13 करोड़ निवेशकों ने सहारा इंडिया के 127 कंपनियों के अंतर्गत विभिन्न स्कीमों में अपने पैसे निवेश किए हैं। ये जमा पैसे सेंट्रल रजिस्ट्रार दिल्ली के सहारा इंडिया पोर्टल में मिले आवेदनों के अनुसार निवेशकों को उनके खातों में सीधे ट्रांसफर कर लौटाए जा रहे हैं। निवेशकों को राशि लौटाने के लिए सहारा इंडिया और सेबी की जमा 25 हजार करोड़ रुपए की गारंटी राशि से 5 हजार करोड़ रुपए सीआरसीएस को दिए हैं। सूत्रों के सीआरसीएस इसमें से 50 प्रतिशत राशि भी निवेशकों को लौटा नहीं पाया है।

### ...इसलिए रिफंड में दिक्कत

ऑनलाइन आवेदनों में दस्तावेजों के साथ सहारा दफ्तर का सील-हस्ताक्षर कराना अनिवार्य है, इसलिए निवेशकों के आवेदन रिजेक्ट हो रहे हैं। 5 हजार करोड़ में आधी राशि भी निवेशकों को लौटाई नहीं गई है। प्रदेश में 15 हजार करोड़ रुपए डूबी राशि में से अभी तक करीब 39 करोड़ रुपए ही लौटाए गए हैं।

- **विनय सिंह राजपूत,** प्रदेश अध्यक्ष, सहारा पीड़ित जमाकर्ता-कार्यकर्ता कल्याण संघ

# डी. सोलंकी पैनल से खड़े तीनों प्रत्याशियों ने चुनाव जीता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर शहर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में डी. सोलंकी पैनल से खड़े तीनों प्रत्याशियों ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव बड़े अंतर से जीतकर विरोधी पैनल प्रत्याशी एकता मंच की डी. आशा जैन सहित सभी प्रत्याशियों को पराजित किया। विगत पंद्रह दिनों से इस चुनाव को लेकर काफी सरगर्मी चल रही थी। इस चुनाव का महत्व इसी बात से पता चलता है कि शहर के नामी-गिरामी 527 डॉक्टरों ने अपने मत का प्रयोग समय निकालकर किया, जो लगभग 70% रहा। वर्तमान में जिस पैनल का आईएमए पर कब्जा था, उन्हें हार का सामना पड़ा एवं अध्यक्ष डॉ. सोलंकी 527 में से 322 मत प्राप्त कर 221 मत से, सचिव डॉ. संजीव श्रीवास्तव 292 मत प्राप्त कर 61 मतों से विजयी हुए। शहर के नामी चिकित्सक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, डॉ. अनिल वर्मा, डॉ. सुषमा वर्मा, डॉ. अजय सक्सेना, डॉ. आनंद सक्सेना, डी. स्वाति महोबिया आदि ने मतदान कर चुनाव के महत्व को काफी बढ़ा दिया। इस चुनाव में चुनाव अधिकारी शहर के ख्यातिनाम चिकित्सक डॉ. ललित शाह के साथ डी. शरद चांडक, डॉ. दिनेश मिश्रा एवं डॉ. अनिल वर्मा की टीम लगी थी, जिन्होंने पूर्ण गंभीरता एवं उत्तम व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराया। पदाधिकारियों के निर्वाचन पर डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, डॉ. विमल चोपड़ा, डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल, डॉ. सुरेंद्र शुक्ला, डॉ. अशोक त्रिपाठी, डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. किशोर सिन्हा ने बधाई दी है।

# सड़क धोने से नाराज युवक ने महिला पर किया चाकू से हमला

## पड़ोसी के घर में घुसकर जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पुरैना की घटना आरोपी को राजेंद्र नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

सड़क धोने से नाराज एक युवक ने महिला की हत्या करने की नीयत से उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने चाकू से जानलेवा हमला करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के पुरैना की है।

अजय ध्रुव की शिकायत पर पुलिस ने धनराज गहरवाल को गिरफ्तार किया है। अजय के अनुसार, रविवार तड़के 5 बजे घर के बाहर तालाब में हाथ-मुंह धो रहा था। इस दौरान उसकी मां घर के बाहर सड़क धोने पानी डाल रही थी। अजय की मां जब सड़क धो रही थी, इसी दौरान मौके पर धनराज पहुंचा और महिला से सड़क गीली करने की बात को लेकर विवाद तथा गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज करने से मना करने पर धनराज ने अपने पास रखे चाकू से महिला पर हमला कर दिया। महिला बचने के लिए दौड़ी तो बदमाश ने उसकी पीठ पर चाकू से वार कर दिया। बदमाश के हमले से सहमी महिला अपने पड़ोस में रहने वाली एक अन्य महिला के घर घुस गई, और बदमाश से खुद को बचाया।




# माता कौशल्या विहार में कचरे से ऐसी बदबू कि सांस लेना भी दूभर

## परेशान रहवासियों ने निगम की गाड़ियों को रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- खुली जमीन को नगर निगम ने बनाया डंपिंग यार्ड

नगर निगम जोन-10 सफाई अमले को माता कौशल्या विहार सेक्टर-4 के रहवासियों ने खुली जमीन पर कचरा डंप करते पाया। बदबू और गंदगी से बेहद परेशान लोगों द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद निगम प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर सोमवार को उन्होंने नगर निगम की गाड़ियां रोक लीं। आरोप है कि कचरे में मेडिकल वेस्ट, पोल्ट्री फार्म से निकलने वाले पंख और अन्य गंदगी बड़ी मात्रा में यहां फेंकी जा रही है। निगम का अमला डूमरतराई में भी सन एंड सन कांप्लेक्स के सामने खुली जमीन पर कचरा डंप करा रहा है, इससे आसपास के रहवासी कचरे से उठने वाली बदबू से परेशान हैं।

शहर को स्वच्छ रखने और खुले में कचरा न डालने की नसीहत देने वाला नगर निगम अब नियम से परे होकर रहवासी इलाके की खाली जमीन पर कचरा उड़ेलने से नहीं चूक रहा। नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल माता कौशल्या विहार सेक्टर-4 इलाके में नगर निगम के खाली पड़ी जमीन पर सेकंडरी कचरा कलेक्शन पाइंट बना रखा है। जहां आए दिन निगम की कचरा गाड़ी रहवासी इलाके में कूड़ा डंप कर रही है। लोगों ने पिछले दिनों जनदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर पूरे इलाके में गंदगी और स्ट्रीट लाइट की समस्या से अवगत कराया।



### निगम अधिकारी बोले- यह प्रायमरी कलेक्शन सेंटर

कचरा गाड़ियों को रोकने की सूचना मिलते ही नगर निगम के अधिकारी स्पॉट पर पहुंचे और लोगों से कहा कि आप सफाई गाड़ियों को रोक नहीं सकते। उनका ये भी कहना था कि यह डंपिग यार्ड नहीं, प्रायमरी कचरा कलेक्शन सेंटर है। लोगों ने कहा, ऐसा है तो कचरा नियमित रूप से उठाना चाहिए, पर ऐसा नहीं हो रहा। जोन अधिकारी ने कहा, यदि ऐसी समस्या है तो बताएं, कचरा उठवा देंगे।

## सिर्फ पीछे वाले हिस्से में डिजाइन देने रहेगी दीवार

# लाखेनगर चौक पर चौड़ीकरण, साइड की गोलाई वाला हिस्सा हटाया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के लाखेनगर चौक स्थित चौराहा सौंदर्यीकरण का काम 2 माह में पूरा होगा। चौराहे का चौड़ीकरण कर उसे सुंदर स्वरूप देने सिर्फ पीछे वाले हिस्से में डिजाइन देने दीवार बनाई जा रही है। इसकी ऊंचाई कम कर साइड की गोलाई वाले हिस्से को हटाया जाएगा, ताकि इस चौराहे से ट्रैफिक का मूवमेंट सही तरीके से हो सके। नगर निगम जोन-5 कमिश्नरी के माध्यम से चौराहे का सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। शहर के लाखेनगर स्थित व्यस्ततम चौक पर मोर की सुंदर आकृति के साथ चौड़े आकार का चौराहा जल्द नए स्वरूप में नजर आएगा। तीन तरफ से सड़क की दृश्यता बनी रहे और वाहन चालकों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए कबाड़ी दुकान वाले पीछे के हिस्से में डिजाइन देने दीवार बनाई जा रही है। पूर्व में इसकी ऊंचाई 7 फीट रखी गई थी, जिसे कम किया जाएगा। जोन कमिश्नर विमल शर्मा ने हरिभूमि को बताया कि चौराहे के साइड में गोलाई वाले हिस्से को हटाया जाएगा, ताकि चारों ओर से आने-जाने वालों के लिए पारदर्शिता बनी रहे।

## अफसर बोले- टाइग्रेस के गले में रेडियो कॉलर से मॉनिटरिंग में मिलेगी मदद

# चिरमिरी से रेस्क्यू बाघिन का कटघोरा वनमंडल में विचरण, गांवों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मध्यप्रदेश के संजय दुबारी नेशनल पार्क से पिछले सप्ताह भटककर आई बाघिन इन दिनों कटघोरा वनमंडल के पंडरीपानी परिक्षेत्र में विचरण कर रही है। अफसरों के अनुसार, टाइग्रेस के गले में रेडियो कॉलर लगा है, इस वजह से आसानी से उसे ट्रैक किया जा रहा है। इसकी पुष्टि एपीसीसीएफ प्रेम कुमार ने की है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों चिरमिरी के जंगल में वन अफसरों ने रेस्क्यू करने के बाद उसके गले में रेडियो कॉलर लगाकर अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ा था। अब यह बाघिन मरवाही वनमंडल के रास्ते इन दिनों कटघोरा वनमंडल में विचरण कर रही है। कटघोरा डीएफओ निशांत कुमार के अनुसार, टाइग्रेस को ट्रेक करने एटीआर से पांच सदस्यीय ट्रेकिंग दल बुलाया गया है। ट्रेकिंग दल के माध्यम से उसके मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। अफसर के अनुसार, टाइग्रेस का व्यवहार सामान्य है।

### सो रहे ग्रामीण के करीब पहुंची बाघिन

पसान रेंज में विचरण कर रही बाघिन को लेकर पंडरीपानी, पहाड़पारा के ग्रामीण दिलीप लकड़ा का कहना है कि बाघिन उसके घर के पास पहुंच गई थी। उसके घर के करीब पहुंचने की पुष्टि घर के पास मिले पंजों के निशान से हुई है। दिलीप के अनुसार, वह घर के बाहर सो रहा था। इसी दौरान घर के पालतू कुत्ते की भौंकने की आवाज से वह उठ गया। करीब आठ से दस फीट की दूरी पर उसने बाघिन को देखा। एकदम नजदीक होने पर दिलीप पास पड़े डंडे से धान साफ करने के उपयोग में आने वाले उड़ावनी पंखे को लाठी से जोर-जोर से पीटने लगा, जिससे बाघिन वहां से डरकर चली गई।



### क्षेत्र नया होने से भटक रही टाइग्रेस

संजय दुबारी नेशनल पार्क से भटककर आई जिस बाघिन को चिरमिरी से रेस्क्यू कर अचानकमार में छोड़ा गया है। उस मादा बाघ के लिए एटीआर नया इलाका है। इस वजह से उक्त वह भटकते हुए मरवाही के रास्ते कटघोरा पहुंच गई। ऐसी स्थिति में उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन अफसरों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

### इधर बाघ की आमद रोकने पटाखे फोड़े

कान्हा टाइगर रिजर्व के आधा दर्जन बाघ भोरमदेव तथा अचानकमार में विचरण कर रहे हैं। इनमें चार बाघ भोरमदेव वनमंडल में हैं। सूत्रों के मुताबिक, जमुनापानी में बाघ के आने की जानकारी मिलने के बाद उसे अपने क्षेत्र में आने से रोकने पटाखे चलाए। पटाखों की आवाज सुनकर बाघ के वापस कान्हा तरफ जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। उल्लेखनीय है कि जमुनापानी में वर्ष 2011 में ग्रामीणों ने एक मादा बाघ को लाठी से पीट-पीटकर मार डाला था।

**सुरक्षित क्षेत्र, शिकार की तलाश में पहुंच रहे**

जानकारों के मुताबिक, मध्यप्रदेश के टाइगर रिजर्व में कैपेसिटी से ज्यादा बाघ हो गए हैं। ऐसी स्थिति में बाघों के बीच आपसी द्वंद्व की स्थिति निर्मित होती है। इसलिए बाघ सुरक्षित जगह तथा शिकार की तलाश में भटकते हुए राज्य के वनक्षेत्र में पहुंच रहे हैं। इस बात को भी ध्यान में रखते हुए वन विभाग को टाइगर मॉनिटरिंग के लिए एक अलग टीम बनाए जाने की बात जानकार बता रहे हैं।

# दवाओं के ऑनलाइन आर्डर पर लगाएं रोक, आपत्ति के बाद करेंगे आंदोलन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोविड के दौरान घर-घर दवाइयां पहुंचाने की विशेष अनुमति महामारी एक्ट के तहत केंद्र सरकार द्वारा दी गई। इस अवैध ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग किया जा रहा है। इससे स्वास्थ्य के लिए भी खतरा पैदा हो रहा है। इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। अखिल भारतीय केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट संगठन ने यह मांग केंद्र सरकार से की है। 15 दिनों में रोक नहीं लगाई जाती है तो देशभर के 12.40 लाख केमिस्ट व वितरक क्रमिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

राजधानी के एक होटल में आयोजित वार्ता में संगठन के अध्यक्ष जेएस शिंदे व महासचिव राजीव सिंघल ने कहा कि इस अधिसूचना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय दवा विक्रेताओं द्वारा आपातकालीन स्थिति में दवाओं की डिलीवरी करना था।

### आंदोलन के लिए होंगे मजबूर

*अखिल भारतीय केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट संगठन ने तीसरी बार स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव को पत्र लिखकर कोविड-19 महामारी के दौरान जारी अधिसूचना जीएसआर 220 (ई) को रद्द करने की अपील की है। अगर 15 दिनों में सरकार ने मामले में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया तो इसके बाद संगठन देशभर में पहले ध्यानाकर्षण के लिए विरोध करते हुए सरकार को ज्ञापन देगा। इसके बाद भी मांग पर विचार नहीं किया गया तो देशभर में दवाओं की विक्री बंद करके आंदोलन का रूख करने के लिए मजबूर होंगे।*

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य शिविर में 60 बच्चों ने कराई जांच

**रायपुर।** एसके केयर हॉस्पिटल पचपेड़ीनाका और श्रेयांश एंड जीएस ओझा फाउंडेशन की ओर से शंकराचार्य आश्रम में सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर में आश्रम में अध्ययनरत लगभग 60 बच्चों समेत अन्य लोगों ने जांच और इलाज कराया। साथ ही दवाई का भी वितरण किया गया। इस मौके पर एसके केयर हॉस्पिटल से डॉ. जया बाजपाई, तुमेंद्र कुमार साहू एवं सिस्टर प्रिया ने उपस्थित होकर अपना योगदान दिया। शिविर में आश्रम के वेदपाठी बच्चों समेत अन्य लोगों का उपचार तथा निशुल्क जांच की। शंकराचार्य आश्रम के प्रमुख डॉ. इंदुभवानंद महाराज एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट मदन मोहन उपाध्याय, एसके केयर हॉस्पिटल के डायरेक्टर सीमा ओझा एवं डॉ सुनील ओझा ने स्वास्थ शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान एमएम उपाध्याय ने बताया कि आगामी 17 जनवरी को निशुल्क जनेऊ संस्कार का कार्यक्रम किया जाएगा।

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने किसानों का किया सम्मान



**रायपुर।** किसान दिवस के अवसर पर धान खरीदी केंद्र दोंदेकला में सोमवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने किसानों को गुलाल का तिलक लगाकर श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि अन्नदाता किसान खुद भूखे-प्यासे रहकर, कड़ी मेहनत कर धूप, बरसात, ठंड में अपने आप को ढालकर जी-तोड़ मेहनत करते हैं, पूरे समस्त मानव समाज का भरण पोषण करते हैं। बड़ा ही दुर्भाग्य का विषय है कि आज देशभर के किसान आंदोलित हैं अपने वाजिब हक के लिए, ये किसानों के साथ सरासर अन्याय है। एमएसपी की मांग को लेकर कई किसान बलिदान दे दिए, फिर भी मोदी सरकार संवेदनशील नहीं है। किसान दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. श्रवण निषाद, मनसाराम निर्मलकर, घनश्याम साहू, कन्हैया यादव, भानु वर्मा, गुहन, भूषण वर्मा आदि शामिल थे।

### आरडीए में ट्रांसजेंडरों की कार्यशाला

**रायपुर।** ट्रांसजेंडरों के लिए केंद्र सरकार द्वारा दिए गए नागरिक अधिकार, सुरक्षा, भेदभाव दूर करने तथा शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी देने रायपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नेशनल काउंसलिंग फॉर ट्रांसजेंडर कौंसिल की सदस्य विद्या राजपूत, रवीना बरिहा, पप्पी देवनाथ ने संबोधित किया। महासमुंद की ट्रांसजेंडर रवीना बरिहा ने विधि की शिक्षा प्राप्त की है। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि भगवान राम ने लंका से अयोध्या लौटने के बाद किन्नरों की भक्ति से प्रसन्न होकर आशीर्वाद दिया।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कसडोल, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र....अ-2/2024-25
ग्राम - कोसमसरा, प.ह. नं. - 06

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरधर साहू पिता रमेश कुमार साहू जाति तेली साकिन कसडोल कास्तकार ग्राम कोसमसरा तहसील कसडोल, जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कोसमसरा पटवारी हल्का नंबर 06 रा.नि.मं. बोरसी में स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 408/3, 408/7 क्रमशः रकबा 0.113, 0.028 कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.141 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन कराने बाबत आवेदन पत्र, पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 06/01/2025 को सुनवाई नियत है।

अतः उक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कसडोल


# अतिरिक्त बेंच नहीं, इसलिए सुनवाई धीमी, हर महीने 45 नए परिवाद, 3008 केस पेंडिंग

## राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस : जिला आयोग में न्याय के लिए इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समय के साथ अब न्याय की व्यवस्था में अतिरिक्त बेंच की जरूरत भी महसूस की जाने लगी है। प्रदेश की राजधानी होने से जिला उपभोक्ता आयोग में हर महीने ऑनलाइन और मैनुअल दोनों तरीके से लोग 40 से 45 परिवाद न्याय पाने के लिए दायर करते हैं। वहीं करीब 10 साल पुराने मामलों की सुनवाई भी लंबित है। नए और पुराने मिलाकर 3008 केस अभी सुनवाई के लिए उपभोक्ता आयोग में पेंडिंग हैं। राजधानी में सजग उपभोक्ताओं की कमी नहीं है। जहां 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाएगा। वहीं सैकड़ों उपभोक्ताओं को न्याय में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त बेंच शुरू होने का इंतजार है। इसे देखते हुए हरिभूमि ने जिला उपभोक्ता आयोग में वर्तमान प्रकरणों की स्थिति जांचने का प्रयास किया। इसमें पता चला कि करीब 10 साल पुराने परिवाद भी अभी तक सुनवाई का हिस्सा नहीं बन पाए हैं। इसकी वजह जानने का प्रयास करने पर पता चला कि 6 मई 2022 से अध्यक्ष व 22 अक्टूबर 2022 से दोनों सदस्यों का पद भी खाली था। इनकी नियुक्ति मार्च 2023 और मई के अंतिम सप्ताह में की गई। इससे प्रकरणों की सुनवाई जून 2023 से शुरू हुई।

*लगा फाइलों का ढेर : सूत्रों ने बताया कि मई 2022 से मई 2023 तक केस की सुनवाई नहीं हुई, लेकिन उपभोक्ता केस दर्ज कराते रहे। इससे जब तक आयोग अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति होती, उससे पहले पुराने मामलों को मिलाकर तीन हजार से ज्यादा केस पेंडिंग हो गए। इन फाइलों के ढेर में न्याय के लिए प्रकरण लगाने वाले सैकड़ों लोगों को सुनवाई के लिए बुलावे का इंतजार है। वहीं राजधानी में मामलों का त्वरित निराकरण करने के लिए अतिरिक्त बेंच है, यहां नई व्यवस्था बने तो उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।*

### 17 महीने में आए 1156 केस

आयोग से प्राप्त आंकड़ों की मानें तो जून 2023 से नवंबर 2024 यानी 17 महीने में ही उपभोक्ताओं ने 1156 नए केस ऑनलाइन और मैनुअल तरीके से दर्ज कराए गए। इस बीच नए-पुराने मामलों की सुनवाई करने के लिए अध्यक्ष डीपी शर्मा ने भी मौजूदा संसाधन का उपयोग करते हुए तेजी लाई। इससे 1260 प्रकरण सुलझाने में सफल हुए। वहीं 10 साल पुराने केस अभी तक पेंडिंग हैं। उपभोक्ता को अभी तक सुनवाई की प्रक्रिया से भी नहीं जोड़ा गया है। अतिरिक्त बेंच होने से सुनवाई व न्याय में तेजी आएगी।



### हर तरह के प्रकरण फाइलों में

उपभोक्ता आयोग में लोग वकील के माध्यम से बैंक लोन, ऑटोमोबाइल, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक और डेलीनीड्स सहित हर तरह के उपभोक्ता सेवा से जुड़े प्रकरण दर्ज कराते हैं। इनमें परिवादी इसलिए न्याय की गुहार लगाते हैं, क्योंकि उन्हें उम्मीद होती है कि आयोग नुकसान की भरपाई कराने में कड़ी की तरह काम करते हुए राहत दिलाएगा। फाइलों की लंबी कतार में इंतजार करने वाले किस नंबर पर होंगे, उन्हें यह भी पता नहीं है। सूत्रों ने बताया कि नए-पुराने दोनों ही मामलों की सुनवाई हो रही है।

## घासीदास जयंती पर हुआ आयोजन

# स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने कराई जांच, रक्तदान भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



गुरु घासीदास जयंती पर स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों ने भी रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाने का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और कई लोगों ने पहली बार रक्तदान का अनुभव किया। डॉक्टरों और विशेषज्ञों की टीम ने शिविर में उपस्थित लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया।

इस अवसर पर आयोजक सरपंच बृजकिशोर अजगल्ले, लक्ष्मी नारायण और गोपी अजय ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा उपहार है जो किसी की जिंदगी बचा सकता है और यह पहल हमेशा रहेगी। आ

ने वाले हर सालों में इस प्रकार के शिविर का आयोजन करेंगे, क्योंकि हमारे इस पहल से लोगों को एक नया जीवन मिलेगा। शिविर में लाकेश्वर अजय, जवाहिर लहरे, फिरतुराम जांगड़े, आत्माराम अजगल्ले, लक्ष्मी नारायण, गोपी अजय, बृजकिशोर अजगल्ले, नवीन लहरे, किसान (कोदवा), कामदेव अनंत, जेठू सोनी, दसरथ सेवक बंजारे, रामु अजय, महादेव रत्नाकर, साहस मण्डल, राजेश बंजारे, जानीराम, श्याम बाई सोनी, पद्मिनी, कर्मा भाई सोनवानी, केदार कुर्रे राधेश्याम अजगल्ले, तुलसी बाई अजय, कुमारीन सोनी और अन्य सैकड़ों लोगों ने स्वस्थ जांच कराया। शिविर के दौरान सारंगढ़ से आये डॉ.आर के आदित्य, खगेश्वर आदित्य, चंद्रिका साहू, राजेश चंद्र, राम नरेश साहू और दुलेश्वर निषाद रहे, जिन्होंने लोगों का स्वस्थ जांच कर उनको उनके स्वास्थ्य के अनुसार परामर्श दिया।

## मुरारी मिश्रा की पदयात्रा का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ शराब बंदी और कोचियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जिला पंचायत रायपुर के पूर्व सभापति एवं किसान जवान कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मुरारी मिश्रा की अंतिम दिन का पदयात्रा रात्रि विश्राम सेमराडीह में करने के बाद सुबह भारवाडीह, ठेलकी, पुराण, रिसदा, गार्डन चौक होते हुए बलौदाबाजार पहुंची। इस दौरान उन्होंने शराबबंदी और कोचियों पर कार्रवाई को लेकर एसपी विजय अग्रवाल एवं कलेक्टर दीपक सोनी से चर्चा कर मुख्यमंत्री के नाम शराब बंदी के लिए ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर से चर्चा करने के बाद यह मांग रखी गई कि प्रशासन को शराब कोचियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी धारा लगाकर और विभिन्न प्रकार के कार्रवाई कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। जितने कोचिए है उनकी संपत्ति कुर्क करना चाहिए। कठोर से कठोर कार्रवाई आबकारी विभाग के माध्यम से करनी चाहिए। कोचिया शिकायत करने वालों को प्रताड़ित कर रहे हैं। धमकी दे रहे हैं और उनके साथ मारपीट कर रहे हैं। गांव-गांव में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री को रोकने में उसे क्षेत्र की स्थानीय पुलिस नाकाम साबित हो रही है। इसलिए मुरारी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मांग की कि एक अलग से टीम बनाकर कोचियों के खिलाफ कड़ी सी कड़ी कार्रवाई की जाए और उन्हें दंडित करना चाहिए। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस की कड़ी कार्रवाई के लिए उन्होंने पुलिस अधीक्षक से विजय अग्रवाल के प्रति आभार जताया। ज्ञापन देने के पूर्व गार्डन चौक में सैकड़ों महिलाओं एवं युवा साथियों के साथ मुरारी मिश्रा ने शराब का पुतला दहन किया। नारेबाजी की शराब कोचिंग को जेल भेजे।

# बेंगलुरु में रविवि की टीम ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) नई दिल्ली की ओर से क्राइस्ट यूनिवर्सिटी बेंगलुरु में पांच दिवसीय आयोजित 38वां साउथ ईस्ट जोन अंतर-विश्वविद्यालयीय युवा उत्सव का समापन सोमवार को किया गया।

इस युवा उत्सव में कुल 27 विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की टीम ने इस आयोजन में पहली बार अधिकांश प्रतियोगिताओं में शीर्ष पांच में स्थान बनाकर अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में रविवि की 49 सदस्यीय टीम ने डॉ. लक्ष्मीकांत, गणेशराम बेनर्जी और रोली जांगड़े के नेतृत्व में सक्रिय भागीदारी की। टीम ने भारतीय संस्कृति से जुड़ी 15 विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित उत्सव में विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं, जिनमें परिचर्चा में सोमेश्वर प्रसाद गंजीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और अब वह राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेंगे।

यह प्रतिष्ठित आयोजन भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) द्वारा आयोजित किया जाएगा, जिसकी मेजबानी एमिटी यूनिवर्सिटी उत्तरप्रदेश नोएडा द्वारा 3 से 7 मार्च तक की जाएगी। क्लासिकल डांस में आनंदित तिवारी चौथा स्थान, फोक डांस में सरिता बंजारे और उनकी टीम पांचवां स्थान, वाद-विवाद प्रतियोगिता में सोमेश्वर प्रसाद गंजीर और वेप्रल सौम्य पांचवां स्थान, वन-एक्ट प्ले के भूमिका और उनकी टीम पांचवां स्थान, कार्टूनिंग के कृति चौथा स्थान इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय ने साहित्यिक विधाओं में अपनी शानदार प्रदर्शन से ओवरऑल लिटरेरी इवेंट्स श्रेणी में द्वितीय रनर-अप का खिताब भी हासिल किया।

## हवा ने बढ़ाई ठंड...



**खरोरा।** सर्दी बढ़ने के साथ मौसम की पहली धुंध व कोहरे ने सोमवार को क्षेत्र को आगोश में ले लिया। सुबह सात बजे तक तो शून्य –श्पता बनी हुई थी एवं आसमान से हल्की ऑस की बूंदें टपकती महसूस हो रही थी। इसके बाद कोहरे का असर धीरे–धीरे कम होने लग गया एवं सुबह 9 बजे तक कोहरा छंट पाया। सूरज निकलने के बाद सर्दी से थोड़ी राहत महसुस हुई। इस दौरान दिनभर लोग गर्म कपड़ों से लदे नजर आए।

# जब तक मंत्री इस्तीफा नहीं देंगे, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा : सांसद रंजीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राज्यसभा सांसद रंजीता रंजन ने कहा, 18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र सत्तारूढ़ भारतीय जनता पाटी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। बीजेपी हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती, इस बार तो हद ही पार कर दी।

उन्होंने कहा, संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। कांग्रेस ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता याद दिलाई। समता, समानता और न्याय के डॉ. आंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई रास नहीं आई। यही नहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ. आंबेडकर का अपमान कर बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी। कांग्रेस डॉ. आंबेडकर के अपमान को लेकर अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर अटल है। जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे, हम विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे।

**भाजपा ने पूछे पांच सवाल :** इधर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन के आरोपों पर पलटवार करते उनसे पांच सवालों का जवाब मांगा। आपने कहा था, नक्सली बुरे नहीं होते, क्या आज भी अपने बयान पर कायम हैं? छत्तीसगढ़ के लोगों का हक मारकर राज्यसभा की सदस्यता मिली है, उसके साथ उन्होंने कितना न्याय किया? राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला व केटीएस तुलसी छत्तीसगढ़ क्यों नहीं आते? छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्ता में रहकर लूट, भय और भ्रष्टाचार के सारे कीर्तिमान ध्वस्त कर रही थी, तब उनके खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठाई? राज्यसभा सदस्य रहते कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा और अर्चना गौतम के साथ दुर्व्यवहार पर उनके न्याय के लिए आवाज क्यों नहीं उठाई?

### खरोरा में अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ हुआ

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में 24 दिसंबर को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त व चरित्रवान समाज निर्माण के लक्ष्य को लेकर पांच घंटे तक अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें कौशिक चंद्राकर, रंजित चंद्राकर, परशुराम यादव, दिलीप सेन, राजू सेन, दुलार यादव, द्रोपती यादव, ललिता निर्मलकर, राधे निर्मलकर, हीराबाई चंद्राकर, चंदा चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, रीखा चंद्राकर, संध्या चंद्राकर, संवेदना समूह मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## पेज 9 के शेष

### उप स्वास्थ्य केंद्र ...

है। इस संदर्भ में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि द्वारा संबंधित अधिकारी को अवगत कराया गया है। मगर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिए जो कार्य एजेंसी को कार्य दिया गया है, वह गुणवत्ता हीनकार्य किया जा रहा है।

### जेल परिसर में ...

गया। योगाभ्यास के साथ-साथ स्वस्थ कैसे रहे, हमारा आहार विहार कैसे होना चाहिए, योगाभ्यास के समय किन-किन बातों की सावधानी रखनी चाहिए आदि बातों को भी विस्तार से बताया गया। यह भी बताया गया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वच्छ मन का वास होता है तथा स्वच्छ मन से ही सभ्य समाज का निर्माण होता है। बंदियों द्वारा नियमित रूप से योग प्राणायाम कर अपने आपको स्वस्थ रखने का भी संकल्प लिया गया। उक्त शिविर में सहायक जेल अधीक्षक एके मिश्रा एवं स्टाफ उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किये।

### छेड़छाड़ के आरोप...

में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी उदय भैना पिता झड़ीलाल भैना 37 वर्ष तथा भूपेंद्र कुमार भैना पिता दशरथ भैना 21 वर्ष निवासी रानीगढ़ छुईहा थाना बिलाईगढ़ को मंगलवार गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां न्यायालय के आदेशानुसार ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल दाखलि किया गया है।


घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले


Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### छात्र की मौत पर प्रशासन ने परिजन को दी 1 लाख की सहायता राशि

**गिधौरी।** शासकीय प्राथमिक शाला में अध्ययनरत 8 वर्षीय छात्र की तालाब में डूबने से मौत पर छात्र के पिता दिलहरण रात्रे को छात्र सुरक्षा बीमा योजना के तहत सोमवार को 1 लाख का चेक दिया गया। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ छात्र सुरक्षा बीमा योजना के तहत सरकारी स्कूल में कक्षा पहली से 12 वीं कक्षा तक पढ़ने वाले बच्चों की आर्थिक मद्द की जाती है।

### रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन



**रायपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी आनंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी द्वारा धरसींवा के ग्राम बाना में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सोमवार को किया गया। इस मौके पर ग्राम की सरपंच अर्चना जनक निषाद ने कहा कि रासेयो का यह सात दिवारीय शिविर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए एक अच्छा अवसर था ग्रामीण परिवेश से जुड़ने का और वहां कार्य करने का। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों से ग्रामीण भी स्वयं को ऊर्जावन महसूस करते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि कॉलेज द्वारा आगे भी रासेयो के कार्यक्रम समय-समय पर गांव में आयोजित किए जाएं। इस शिविर के बौद्धिक परिचर्चा सत्र में प्रतिदिन अलग- अलग वक्ताओं को आमंत्रित किया गया था कि विभिन्न विषयों जैसे कि डिजिटल लिटरेसी, न्यूमरोलॉजी कॅरियर मार्गदर्शन आदि पर वक्ताओं ने स्वयंसेवकों के समक्ष अपनी बात रखी। इस शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह, डॉ. अभया जोगलेकर व रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एलएम गजपाल आदि शामिल थे।

## निधन

### बोधराम श्रीवास

**गिधौरी।** ग्राम कुम्हारी निवासी



बोधराम श्रीवास 110 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा ग्रामवासी शामिल हुए। ।

### अगरबाई केवट

**गिधौरी।** स्थानीय निवासी



अगरबाई केंवट का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार मंगलवार को ग्राम गिधौरी के मुक्तिधाम किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा ग्रामीण शामिल थे।

# श्रीराम कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा, सजा विशाल पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्व. सोनचंद्र वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में बलौदाबाजार में सात दिवसीय श्री राम कथा का भव्य आयोजन प्रारंभ हो चुका है। बुधवार को शिव-पार्वती विवाह प्रसंग की कथा होगी।

इस कार्यक्रम में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या से आई सुप्रसिद्ध मानस विदुषी सुश्री देवी चंद्रकला अपनी मधुर वाणी में रामचरितमानस की कथा का अमृतपान करा रही हैं। यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के मार्गदर्शन और पुष्पराज टंकराम वर्मा के संयोजन में किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत शहर में भव्य भाव कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा के दौरान शहरवासियों ने अपने घरों की छतों से फूल बरसाकर यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को रामभक्ति के रंग में रंग दिया।

कथा के प्रथम दिवस पर सुश्री देवी चंद्रकला ने श्री रामचरितमानस की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ को भगवान राम का ननिहाल बताते हुए कहा कि इस भूमि से उनका विशेष आत्मीय संबंध है। अपने उद्गार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, यहां आकर हमेशा अपना सा महसूस होता है, क्योंकि छत्तीसगढ़ रामजी का ननिहाल है।

### आज शिव-पार्वती विवाह प्रसंग की कथा होगी



### रामायण की महिमा का गुणगान किया

यहां की संस्कृति, भक्ति और अपनापन दिल को छू लेता है। उन्होंने आयोजन के मुख्य संरक्षक मंत्री टंकराम वर्मा को मामा कहकर संबोधित करते हुए अपने भावनात्मक संबंध का भी उल्लेख किया। मंगलवार को श्री रामायण की महिमा का गुणगान किया गया।

### सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर महतारी वंदन से लाभान्वित महिलाओं के सम्मेलन में शामिल हुए शिवरतन

# महिलाओं का सम्मान और उन्हें सक्षम बनाने का काम कर रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना ने महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से मजबूत किया है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी प्रेरित किया है।

इस योजना के माध्यम से प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। माताओं-बहनों के स्वाभिमान, सम्मान और उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का लक्ष्य लेकर हमारी भाजपा सरकार काम कर रही है।

उक्त बातें उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने प्रदेश में भाजपा सरकार के नेतृत्व में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाटापारा शहर के नगर भवन में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित माताओं-बहनों को सम्मानित कर अपने विचार साझा करते हुए कही।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में सुशासन का सूर्योदय लेकर आई। आज प्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम बन रही है। हमारी सरकार द्वारा लागु की गई महतारी वंदन योजना न केवल वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है, बल्कि सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए एक प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। विधवा, तलाकशुदा, और परित्यक्ता महिलाएं भी इस योजना के लिए पात्र हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार किसान, गरीब, आम जनता, महिलाओं,



युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मोदी की गारंटी के अंतर्गत राज्य सरकार ने एक वर्ष के भीतर ही अपने बहुत से वायदों को पूरा किया है और आने वाले समय में भी हमारी सरकार ने जितने भी वादे किये हैं वह भी इसी प्रतिबद्धता से पूर्ण होंगे। शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए संवेदनशील सरकार ने हमेशा ही महिलाओं के उत्थान एवं उन्हें आर्थिक रूप से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी और आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के विकास एवं जनता के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध होकर उसे संवारने का कार्य कर रही है।

### पूरी समर्पित होकर जनता के लिए काम कर रही सरकार

शिवरतन शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात हो या मातृत्व वंदना योजना के तहत आर्थिक सहयता हो अपने ध्येय और महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य को स्पष्ट किया है। प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने के तथा आर्थिक स्वावलम्बन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में "महतारी वंदन योजना" लागू की गई है। हमारी सरकार पूरी तरह से समर्पित होकर आम जनता के हित में काम कर रही है। इस अवसर पर राकेश तिवारी, आशीष जायसवाल, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में महतारी वंदन योजना के लाभान्वित माताएं-बहनें उपस्थित थीं।

### गांवों में पहुंच रही प्रशासन की टीम, दी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी

**भवानीपुर।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ग्राम पंचायत वटगन एवं बलौदी में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी स्टाल लगाकर शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी बताते हुये प्राप्त आवेदनों पर आम जनता के समस्याओं का निराकरण किये। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होते हुये पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पलारी एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष संडी महेन्द्र साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे जानकारी देते हुये कहा प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना, महतारी वंदन योजना, 21 क्विंटल 3100 रु की दर से धान खरीदी जैसी योजना लोगों के आम जीवन में संजीवनी बूटी का काम कर रही है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा



आम जनता द्वारा दिये आवेदन फाइलों में दबकर ना रह जाये उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष मिथलेश साहू एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष उमेश यदु ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सरपंच वटगन कुमारी वर्मा, सरपंच बलौदी गायत्री कन्नौजे, जनपद सदस्य भागीरथी बघेल, जयभारत कन्नौजे, मुकेश साहू, मनोहर चंद्राकर, पंचराम वर्मा, बलदू वर्मा, प्रेमलाल वर्मा, रवि श्रीवास्तव, कुणाल सेन, ललिता धृतलहरे, एसडीओ एस के टंडन, सौम्या सोनी, रजनीकांत बंजारे, संत निर्मलकर, मंतराम वर्मा, धनेश्वर चंद्रवंशी, तेजराम प्रजापति, नरेन्द्र चंद्राकर सहित अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे ।

### साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस द्वारा साइबर वॉलिंटियर्स की सहायता से साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराध के संबंध में जानकारी देने हेतु लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्कूल, कॉलेज, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं में सायबर वॉलिंटियर्स द्वारा साइबर अपराधों से बचने, साइबर अपराधियों के ठगी करने के तरीकों की पहचान आदि के संबंध में जानकारी दी जा रही है। नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम में निहित प्रावधान, अंतर्गत अपराधिक प्रकरणों की विवेचना के दौरान साक्ष्य संग्रहण हेतु ई–साक्ष्य मोबाइल ऐप एवं घटना स्थल निरीक्षण कर उसका फोटोग्राफ वीडियो अपलोड आदि हेतु एलओ मितान मोबाइल ऐप तैयार किया गया है। इस मोबाइल ऐप की सहायता से विभिन्न साक्ष्यों का किसी प्रकरण में संग्रहण करने एवं संपूर्ण घटना स्थल का निरीक्षण कर इसकी विस्तृत जानकारी अपलोड करने का कार्य किया जाता है। ई–साक्ष्य एवं एलओ मितान मोबाइल ऐप की समुचित जानकारी एवं इसकी कार्यप्रणाली को भली–भांति समझने के लिए पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार जिला बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस द्वारा 21 एवं 22 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलौदाबाजार में दो–दिवसीय मितान मोबाइल ऐप कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न थाना चौकी में 90 की संख्या में उपस्थित विवेचकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### अछोला के सरपंच की बर्खास्तगी पर हाईकोर्ट का स्थगन

महासमुंद। दो साल पहले बर्खास्त हुए अछोला के सरपंच कमलनारायण साहू की बर्खास्तगी पर हाईकोर्ट ने स्थगन आदेश जारी कर दिया है। अछोला सरपंच कमल नारायण को तात्कालीन अनुविभागीय अधिकारी भागवत जायसवाल ने छग पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत 22 सितंबर 2022 को बर्खास्त कर दिया था।

# बरौंडा में रासेयो का रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

भरत देवांगन शासकीय विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत बरौंडा में शाहिना परवीन के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। सहायक कार्यक्रम अधिकारी के रूप में अमर बर्मन अपना कर्तव्य बखूबी निभा रहे हैं। उद्घाटन कार्यक्रम विधिवत संपन्न उपरांत शिविरार्थी स्वयंसेवी के मध्य ग्रुप दलनायकों का चयन प्रक्रिया की गई। इसमें ग्रुप भीमराव अंबेडकर ग्रुप दलनायक रोशन साहू, छत्रपति शिवाजी करण देवांगन, वीरनारायण सिंह लोकेश धीवर, भगत सिंह ग्रुप महेंद्र देवांगन, झांसी की रानी ग्रुप खुशी गौतम, कल्पना चावला ग्रुप



कल्पना वर्मा, अहिल्या बाई ग्रुप भावना मानिकपुरी एवं रानी दुर्गावती ग्रुप से मनीषा साहू ग्रुप दलनायक बनाए गए। शिविर दिनचर्या अनुरूप गतिविधि जिसमें शिविरार्थियों द्वारा प्रातः 5 से 6 बजे तक जागरण एवं नित्यकर्म, प्रातः 6 से 8 तक योग, पीटी परेड, प्रभातफेरी, प्रातः 8 से 9 बजे तक स्वल्पाहार (चाय नाश्ता), प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, परियोजना कार्य जिसमें आज शिविर स्थल परिसर की साफ सफाई की गई। दोपहर 12 से 1 बजे तक स्नान कार्य, तदुपरांत दोप 1 से 2 बजे तक भोजन, दोपहर 2 से 3 तक विश्राम, उपरांत दोपहर 3 से 5 बजे तक बौद्धिक परिचर्चा, सायं 5 से 6 बजे तक चाय एवं देशी खेलकूद, सायं 6 से 6.30 बजे ग्राम संपर्क, 6.30 से 7 बजे तक स्वयं सेवकों की बैठक एवं समीक्षा, रात्रि 7 से 8 बजे तक भोजन, रात्रि 8 से 10 बजे तक, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रात्रि 10 से 5 बजे तक विश्राम, नियमित शिविर दिनचर्या में शामिल है। आज स्वयंसेवी छात्रों ने तालाब के समीप स्वच्छता अभियान चलाया। इन सभी गतिविधि, कार्यक्रम में नियमित रूप से ग्राम पंचायत बरौंडा के सरपंच प्रदीप मढ़रिया, प्राचार्य हाई स्कूल बरौंडा कुंजन दास कुर्रे, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक तोपसिंह टंडन, उपसरपंच संतराम कुर्रे, चारुभद्र बारले, पंच एवं समस्त ग्रामवासी का सहभागिता से संपन्न किया जा रहा है।

# छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय असौंदा के संस्था प्रमुख के मार्गदर्शन में कक्षा छठवीं, सातवीं व आठवीं के छात्र-छात्राओं को प्रकृति दर्शन कार्यक्रम के तहत बच्चों को प्राकतिक एवं वन्य जीवों से संबंधित परिचय एवं जागरुकता लाने के उद्देश्य से कानन पेंडारी जू से मुखातिब कराया गया। इस दौरान बच्चों ने प्रकृति व जंगल का खूब आनंद लिया। साथ ही विभिन्न जानवरों को नजदीक से देखा, जिसमें हिरन, शेर, भालू, मछली, बारह सिंगा व अन्य वन्य जीव शामिल हैं। बहुत ही सुंदर नजारा प्रकृति का देख मन प्रफुल्लित हुए। बच्चों ने जंगल के पेड़ व पौधे के बारे में व जलवायु परिवर्तन होने के कारण को करीब से जाना। उल्लेखनीय है कि शुद्ध वायु मानव जीवन को लंबी आयु प्रदान करती है। भिन्न भिन्न प्रकार के वनस्पति के बारे में जानकारी हासिल की। वहीं छात्र-छात्राओं को धार्मिक नगरी रतनपुर के मां महामाया मंदिर का दर्शन कराया गया, जिसमें प्राचीन मंदिरों के अवशेष व राजवंशीय शासन कालीन वास्तु कला, पौराणिक भग्न शेष वस्तुओं के बारे में जानकारी ली।




# छड़िया में हुआ किसानों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छड़िया में सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल किसान सम्मान का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें प्राधिकृत अध्यक्ष नकुल राम वर्मा द्वारा किसानों का सम्मान किया गया। इसमे उपस्थिति सम्मानित किसान फिरन्ता साहू, श्यामलाल वर्मा, रामखिलावन साहू, दाऊलाल साहू, कुमार बंजारे, दुकलहा यदु, नोहर साहू, रिखीराम वर्मा, कुंजराम साहू तथा समिति कर्मचारी चौनूराम साहू, करण नेताम, ओमप्रकाश साहू, जसवंत साहू, मंशाराम, मोहन वर्मा उपस्थित थे।







